संख्या 11-09/सा.प्र./2016/एफ.एस.एस.ए.आई.-(खंड-2)
भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत सांविधिक निकाय)
तीसरी मंजिल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली-110002.
वेबसाइट- www.fssai.gov.in

दिनांक, 5 मार्च, 2021

निविदा सूचना

एफ.एस.एस.ए.आई., एफ.डी.ए. भवन, सी.एच.ई.बी., एम.एम.यू., नई दिल्ली और एन.आर.ओ.(इन्दिरापुरम) परिसरों के लिए सुविधा प्रबंधन सेवाएँ (भवन रख-रखाव और बागवानी)

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण(एफ.एस.एस.ए.आई.) भवन रख-रखाव और बागवानी सेवाओं हेतु विहित प्रारूप में निविदा प्रणाली के तहत दो (तकनीकी बोली व वित्तीय बोली) के अंतर्गत प्रख्यात और अनुभवी फर्मों के योग्य अभिकरण के चुनाव हेतु बोली आमंत्रित कर रहा है।

निविदा प्रलेख (अन्तरणीय) जिसमें विस्तृत ब्यौरा, निबंधन एवं शर्तें, अर्हता-पूर्व मानदंड आदि सम्मिलित हैं, एफ.एस.एस.ए.आई. की वेबसाइट (www.fssai.gov.in) पर और सी.पी.पी. के पोर्टल पर उपलब्ध है, और एफ.एस.एस.ए.आई. मुख्यालय, तीसरा तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली-110002 से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच कार्य के सभी दिनों में व्यक्तिगत रूप से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

विधिवद् भरा हुआ निविदा प्रलेख सभी सहायक दस्तावेजों के साथ 29 मार्च, 2021 को दोपहर दो बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत करें। बोली को दो भागों (तकनीकी व वित्तीय) में प्रस्तुत करें। तकनीकी बोली में बोली प्रतिभूति घोषणा पत्र (बी.एस.डी.), निविदा प्रलेख के सभी निबंधन व शर्तों की स्वीकृति का वचनपत्र, पूर्व अनुभव, प्रस्तुतीकरण आदि सम्मिलित होंगे और वित्तीय बोली इस आर.एफ.पी. के साथ संलग्न विहित प्रारूप के अनुसार होगी।

पत्र व्यवहार का पता- निदेशक(सा.प्र.), भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली- 110002

निदेशक(सा.प्र.)

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण